सरकूलर नं0 अपमा/2014–2016/381 दिनांकः 2–11–2016

अपमा चुनाव सत्र 2016–2018 का पारदर्शिता, निष्पक्षता, सहजता, सरलता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए समस्त कार्यकारिणी व अपमा सदस्यों की तरफ से मैं, चुनाव आयुक्त श्री नरेन्द्र मदान जी एवं उनकी समस्त चुनाव समिति का आभार व्यक्त करते हुए उनका तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ।

साथियों, पिछले अपमा चुनावों की अपेक्षा इस बार के चुनाव स्थल पर मतदान एवं मतगणना हेतु ऐसी समुचित व्यवस्था की थी, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है, मतदान करने आये व्यापारी भाईयों ने चुनाव आयुक्त द्वारा किये गये इंतजाम की भूरि–भूरि प्रशंसा की, विशेषकर 60 वर्ष के लगभग सम्मानोय बुजुर्ग अपमा सदस्यों के लिए एक अलग से लाईन लगवाकर उनके लिए बैठने की व्यवस्था करवायी गयी थी ताकि उनको किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो। इसके लिए मैं, अपमा प्रधान सहित समस्त कार्यकारिणी की तरफ से चुनाव आयुक्त एवं उनकी चुनाव समिति सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ। अपमा कार्यकारिणी उन सभी अपमा सदस्यों का आभार व्यक्त करती है जिन्होंने अपमा चुनाव में आकर अपना कीमती मतदान डाला। अपमा कार्यकारिणी उन अपमा सदस्यों से आशा करती है जोकि किसी कारणवश इस सत्र के चुनाव में अपना मतदान नहीं डाल सकें वो अगले चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करेंगें।

मैं एक बार पुनः अपमा प्रधान सहित समस्त कार्यकारिणी की तरफ से चुनाव आयुक्त श्री नरेन्द्र मदान जी एवं उनकी समस्त चुनाव समिति के सदस्यों का धन्यवाद कर आभार व्यक्त करता हूँ एवं आशा करते हैं कि भविष्य में भी चुनाव समिति का सहयोग इसी प्रकार अपमा को मिलता रहेगा।

---

(आर.के. गुप्ता)
महासचिव